nt>

Title: Need for construction of a bridge on river Chambal at Atarghat to connect Madhya Pradesh with Rajasthan - Laid.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान को जोड़ने हेतु चम्बल नदी के अटार घाट पर पुल की आवश्यकता है। इस घाट पर प्रतिवर्ष पीपों का पुल बनाया जाता है। जिस पर सरकार का धन बर्बाद होता है तथा यात्रियों का जान माल का खतरा भी रहता है। इस पुल के बनने से प्रतिवर्ष करोली वाली माता पर लाखों वाहन जाते हैं। उनको आवागमन में सुविधा होगी तथा सरकार जो तेल बचाने का नारा देती है, उसे भी मजबूती मिलेगी। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अटार घाट, चम्बल नदी पर पुल बनाया जाये।